भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 161
03 फरवरी, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: कृषि फसलों की कीमतें

161. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2022 तक किसानों को कृषि फसलों के मूल्यों को दोगुना करने की वस्तुस्थिति क्या है;
(ख) कुल कितनी फसलों का मूल्य दोगुना हुआ है; और
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान फसलों की लागत में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की सिफारिश करते समय, कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) महत्वपूर्ण कारकों जैसे उत्पादन की लागत, समग्र मांग-आपूर्ति की स्थिति, घरेलू और वैश्विक कीमतों का मूल्य रूझान, अंतर-फसल मूल्य समता, कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों के बीच व्यापार की शर्तें, शेष अर्थव्यवस्था पर मूल्य नीति के संभावित प्रभाव, भूमि, जल, आदान लागत सूचकांक और अन्य उत्पादन संसाधनों के युक्तियुक्त उपयोग और उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत मुनाफे (भारत सरकार द्वारा अपनेकेंद्रीय बजट 2018-19 में यथाघोषित और तब से प्रभावी) पर विचार करता है। अत: एमएसपी के निर्धारण में उत्पादन की लागत एक महत्वपूर्ण कारक है। अपनी मूल्य नीति की सिफारिश करते समय सीएसीपी भुगतान की गई सभी लागतों तथा पारिवारिक श्रम के आरोपित मूल्यपर विचार करता है। भुगतान की गई लागतों में किराए का मानव श्रम, बैल श्रम, मशीन श्रम, किराए की मशीन का प्रभार, बीज, कीटनाशी और कीटनाशक, उर्वरक, खाद, सिंचाई प्रभार, भू-राजस्व, उपकर और कर आदि शामिल हैं।विगत 5 वर्षों के लिए अधिदेशित 23 फसलों के संबंध में अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत **अनुबंध** में दी गई है।

अनुबंध

दिनांक 03.02.2023 को देय राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 161 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुबंध

विगत5 वर्षों के लिए अधिदेशित 23 फसलों के संबंध में अखिल भारतीय भारित औसतउत्पादन लागत नीचे दी गई है।

(रु./क्विंटल)

उत्पादन की अनुमानित लागत (सीओपी)*					
फसलें	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**
धान	1166	1208	1245	1293	1360
ज्वार	1619	1698	1746	1825	1977
बाजरा	990	1083	1175	1213	1268
मक्का	1130	1171	1213	1246	1308
रागी	1931	2100	2194	2251	2385
तूर (अरहर)	3431	3636	3796	3886	4131
मूंग	4650	4699	4797	4850	5167
उड़द	3437	3477	3660	3816	4155
मूंगफली	3259	3394	3515	3699	3873
सोयाबीन	2266	2473	2587	2633	2805
सूरजमुखी	3592	3767	3921	4010	4113
तिल	4166	4322	4570	4871	5220
रामतिल	3917	3960	4462	4620	4858
कपास	3432	3501	3676	3817	4053
गेहूं	865	923	960	1008	1065
जौ	859	919	971	1019	1082
चना	2637	2801	2866	3004	3206
लेंटिल (मसूर)	2531	2727	2864	3079	3239
रेपसीड एवं सरसो	2211	2323	2415	2523	2670
कुसुम्भ	3294	3470	3551	3627	3765
गन्ना	155	156	159	155	162
कोपरा	6347	6639	6805	6974	7153
पटसन	2267	2535	2709	2832	2959

स्रोत:- कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी)

*भुगतान की गई सभी लागतें और पारिवारिक श्रम का आरोपित मूल्य

****